भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3620

उत्तर देने की तारीख-10/08/2026

नीलांबर-पीतांबर सिंह आदिवासी डिग्री कॉलेज का निर्माण

3620. **श्री छोटेलाल**:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

राबर्ट्सगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में नीलांबर-पीतांबर सिंह आदिवासी डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

शिक्षा मंत्रालय राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) का कार्यान्वयन कर रहा है जो एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य विशिष्ट राज्य सरकार के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का वित्तपोषण करना है ताकि निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुरूप उनकी गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। सरकार ने जून 2023 में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के रूप में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) का तीसरा चरण शुरू किया है, जिसमें वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए 12926.10 करोड़ रुपये का परिव्यय किया गया है, ताकि शैक्षिक रूप से असेवित/अल्पसेवित क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

योजना की शुरुआत के बाद से, पीएम-उषा के तहत 1025.19 करोड़ रुपये की 66 अनुमोदित परियोजनाओं को शामिल करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य के लिए 1942.27 करोड़ रुपये की कुल 204 परियोजनाओं को अनुमोदित कर दिया गया है।

पीएम-उषा के तहत, विभिन्न घटकों के तहत राज्य द्वारा प्रस्तुत सभी प्रस्तावों को परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) के विचारार्थ और अनुमोदनार्थ रखा गया था। तथापि, उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा नीलाम्बर-पीताम्बर सिंह आदिवासी डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया था। इसके अलावा, इस योजना के अंतर्गत, रॉबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र में 35.61 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली 9 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है जिनमें पीएम-उषा के कॉलेजों को सुदृढ़ करने हेतु अनुदान (जीएससी) घटक के तहत 13.61 करोड़ रुपये की अनुमोदित राशि वाले 3 कॉलेज को शामिल हैं।

****